प्रेस नोट थाना खजनी जनपद गोरखपुर दिनांक 16.05.2025

हत्या का प्रयास करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक खजनी के नेतृत्व मे उ0नि0 रजनीश कुमार मय पुलिट टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2025 धारा 191(2) 191(3) 190, 109, 352, 351(3), 3(5) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अमन ओझा को गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 10.05.2025 को मकान व भूमि के विवाद को लेकर अभियुक्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डण्डा व अवैध पिस्टल लेकर वादिनी के घर पर आए और मकान पर कब्जेदारी को लेकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान अभियुक्तों ने अवैध पिस्टल से फायर किया जिससे वादिनी के पड़ोस में रहने वाली 01 लड़की के पैर में फायर आर्म इंजरी आ जाने के संबंध में वादिनी मुकदमा से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर पूर्व में 03 नफर अभियुक्तों को 01 अदद अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

अमन ओझा पुत्र संजय ओझा निवासी बेलपार थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 166/2025 धारा 191(2) 191(3) 190, 109, 352,351(3),3(5) BNS व 3/25/27 शस्त्र अधिनियम

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 रजनीश कुमार थाना खजनी जनपद गोरखपुर
2. हे0का0 यशवंत यादव थाना खजनी जनपद गोरखपुर
3. का0 हिरन सिंह यादव थाना खजनी जनपद गोरखपुर
4. का0 आशीष रंजन थाना खजनी जनपद गोरखपुर